एक नजर में

बिजनौर पुलिस लाइन में विजयी टीम को ट्रॉफी देते डीआइजी मुनिराज जी तो. पुलिस

हैंडबाल में बिजनौर की टीम ने लहराया परचम

बिजनौर: पुलिस लाइन में तीन दिवसीय बोर्डी जोन की अंतरजनपदीय पुलिस खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा था। शनिवार सुबह प्रतियोगिता का समापन हुआ। मुख्य अतिथि मुरादाबाद रेंज के डीआइजी मुनिराज जी रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच बिजनौर और शाहजहांपुर की पुरुष टीम के बीच खेला गया। बिजनौर की टीम ने शाहजहांपुर की टीम को 12-4 से हराया। इससे पहले शुक्रवार को खेले गए महिला हैंडबाल का फाइनल शाहजहांपुर ने जीता था। पुरुष बास्केटबाल फाइनल मैच संभल और पीलीभीत के बीच खेला गया। संभल ने पीलीभीत की टीम को 24-12 से हराया। महिला बास्केटबाल का फाइनल मैच जनपद बिजनौर और मुरादाबाद के बीच खेला गया। बिजनौर की टीम ने 8-0 से मुरादाबाद को हराया था। अंत में डीआइजी मुनिराज जी और एसपी अभिषेक झा ने विजयी टीम पुरस्कृत किया। -जासं

पुलिस ने किया पैदल मार्च

नजीबाबाद: ग्राम मुनसीपुर में चल रहे निरीक्षक राकेश कुमार ने पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च कर क्षेत्रवासियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान एक ओर जहां क्षेत्रवासियों को शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया तो वहीं दूसरी तरफ गांव में भय फैलाने वाले के पैदल मार्च के माध्यम से चेतावनी दी। इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि शांति व्यवस्था भंग करने वाले सख्त कार्रवाई की जाएगी। -संसू

छात्राओं से दुष्कर्म का आरोपित शिक्षक जेल भेजा

नजीबाबाद: पुलिस ने दो नाबालिग छात्राओं दुष्कर्म के आरोपित निजी स्कूल के शिक्षक नजीबाबाद के मुहल्ला जाफराबाद निवासी आरोपित अतुल कुमार पुत्र राकेश सिंह को सक्षम न्यायालय में पेश कर दिया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। कोतवाल राहुल सिंह ने बताया कि दो छात्राओं के स्वजन ने थाना कोतवाली नजीबाबाद में आरोपित के शिक्षक उनकी नाबालिग बेटियों के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। -संसू

प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

धामपुर: गांव कनकहेड़ी स्थित प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को सामाजिक संस्था प्रयास द्वारा बच्चों के लिए चाट इन इन कौर मास्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान बच्चों को कुछ विषय दिए गए, जिस पर बच्चों ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रधानाध्यापिका प्रवीण शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। संस्था की संस्थापक डा. पीयूषी द्वारा बच्चों के लिए टेबल, अलमारी, बुकशेल्फ व पढ़ने पुस्तक भेंट की गईं। -संसू

राष्ट्रीय किसान यूनियन का धरना समाप्त

धामपुर: उपभोक्ताओं के घर लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के विरोध में राष्ट्रीय किसान यूनियन की ओर से किया जा रहा धरना-प्रदर्शन शनिवार को अधिकारियों के आश्वासन पर समाप्त हो गया। जिलाध्यक्ष रजाक मलिक के नेतृत्व में विद्युत ग्रिड पर अनिश्चितकालीन धरना चल रहा था। शनिवार को ग्राम विद्युत एसडीओ रवि प्रकाश किसानों के बीच पहुंचे और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। दोनों पक्षों से वार्ता के बाद धरना समाप्त हो गया। एसडीओ ने बताया कि जर्जर विद्युत तारों को बदलवाया जाएगा। नया विद्युत कनेक्शन पर लगाने वाले स्मार्ट मीटर की समस्या को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। -संसू

नगीना में निकले ढप्पारी के जुलूस में होली खेलते हुरियारे• जागरण

धामपुर में मुख्य बाजार में गत होली की मस्ती करते बच्चे• जागरण

होली का उत्सव, द्वादशी पर निकाल जुलूस

डीजे की धुन पर थिरके हुरियारे, स्कूलों में भी हर्षोल्लास से मनाया गया होली का पर्व

बढ़ाट रूरल, जागरण•नगीना: नगर में द्वादशी के रंग का जुलूस शनिवार की देर शाम निकाला गया। जुलूस में शामिल हुरियारे एक-दूसरे पर रंग डालते व अबीर गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे।

शनिवार की दोपहर बड़ा मंदिर मुरलीधर नाथ से शुरू हुआ द्वादशी के रंग का जुलूस मुख्य चौराहों से होते हुए पहले चौपाला स्थित देवल मंदिर पर पहुंचा तथा वहां से दोपहर एक बजे विधि विधान से हवन पूजन के उपरांत शुरू होकर नगर के मुख्य चौराहों से होता हुआ शाम चार बजे सैदान चौराहा पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में गुलाल, अबीर, रंग की बौछार व आकर्षक शामिल रही। जुलूस का नेतृत्व मंदिर मुरलीधर नाथ के पदाधिकारी सलिल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, रामकुमार खिल्लेई, प्रदीप गर्ग, धीरज मित्तल, लव्वे मित्तल, सभासद मोहन शर्मा, संजीव अग्रवाल बिल्की, भाजपा नेता रोहित रवि समेत दर्जनों गणमान्य लोग कर रहे थे।

बहजोई कस्बे में द्वादशी रंग का जुलूस हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। यह जुलूस श्री शिव चुन्नीकाल मंदिर से हवन पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। जुलूस में मुख्य बाजार, पुलिस चौकी, मोहल्ला नौनी, डाकुरान, सब्जी मंडी चौक, सर्राफान, माता काली देवी मंदिर, और श्री फर्जीर चंद आर्य इंटर कालेज होते हुए पुनः मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में शामिल म्यूजिक सिस्टम (डीजे) की धुन पर हुरियारे एक-दूसरे पर गुलाल उड़ाते हुए नाचते गाते रहे।

धामपुर नगर में शुक्रवार को रंग एकादशी के जुलूस के साथ होली का उत्सव प्रारंभ हो गया। एकादशी के दूसरे दिन भी नगर की सड़कों पर हुरियारों का कब्जा रहा। विभिन्न स्थानों पर छोटे-छोटे बच्चों ने रंग और पिचकारी के साथ होली की मस्ती की। शनिवार को मुख्य बाजार सहित अन्य स्थानों पर बच्चों और युवाओं ने होली खेली। हुरियारों ने टोलियां बनाकर आने-जाने वाले लोगों पर रंगों की बौछार कर होली की खुशी मनाई।

हल्दौर: जीएसएन इंटरनेशनल अकेडमी में शनिवार को होली उत्साह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। प्रबंधक विकास पंकज ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। अर्जुन सिंह, ललित शर्मा, राकेश कुमार, विजयेंद्र कुमार, अरुण ठाकुर, किशोर चहल, अपूर्व चौहान आदि मौजूद रहे।

अफजलगढ़ स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को होली के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में खुशिका, अंशिका, हर्ष, संभव, भविष्य, दिव्यांश जैसे छात्र-छात्राओं ने अपने विचार साझा किए।

सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज अफजलगढ़ में एक-दूसरे को रंग लगाते बच्चे• जागरण

एके पब्लिक स्कूल शाहपुर जमाल में होली का रंग लगाते शिक्षक व बच्चे •तो. शाहद

बहजोई में द्वादशी रंग का जुलूस निकालते कस्बेवासी• तो. अशोक

फूलों की खेले होली, प्रकृति से जुड़ कर रहें

बिजनौर: हल्दौर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शनिवार होली कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव सहरावत एवं स्कूल के एकेडमिक हेड दिलराज सिंह नेहरा के आयोजित कराया गया। जिसमें पैरेन्ट्स, टीचर के द्वारा गान-सम्मान किया गया। पत्रावली के द्वारा एक सुंदर भाषण दिया गया। इस दौरान बताया गया कि होली प्राकृतिक तरीके से खेलनी चाहिए, जिसमें पानी व्यय नहीं करना चाहिए। प्राकृतिक रंगों एवं फूलों से ही होली खेलनी चाहिए और पेड़ पौधे जानवरों को किसी प्रकार की हानि नहीं पहुंचनी चाहिए। किया केमिकल वाले सुरक्षित होली खेलें। आकाश, रश्मि, हर्षिका, सानवी, सरकार और काव्या ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

परीक्षा और होली के बीच मन का संतुलन ही सफलता की राह

जागरण संवाददाता, मेरठ: मार्च का महीना विद्यार्थियों के लिए एक अनोखा संगम लेकर आता है। एक ओर बोर्ड परीक्षाओं की गंभीरता, दूसरी ओर होली का उत्साह और उल्लास। क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डा. सीमा शर्मा के अनुसार, यह समय केवल शैक्षणिक तैयारी का नहीं है, इस दौरान मानसिक संतुलन और भावनात्मक परिपक्वता की भी परीक्षा है। किशोरावस्था वह चरण है जब आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और सामाजिक पहचान आकार ले रहे होते हैं। ऐसे में बोर्ड परीक्षा का दबाव केवल अंकों का नहीं, बल्कि स्वयं को सिद्ध करने की आंतरिक इच्छा भी होती है। प्रदर्शन-चिंता का अनुभव होना स्वाभाविक है। इससे हृदय गति बढ़ना, नींद में कमी, बार-बार दोहराने की प्रवृत्ति या परिणाम को लेकर असमंजस होती है। निर्धारित सार का तनाव एकाग्रता बढ़ाता है, परंतु अत्यधिक तनाव स्मृति और निर्णय क्षमता को प्रभावित कर सकता है।

डा. सीमा शर्मा के अनुसार, बोर्ड परीक्षाओं के बीच होली का पर्व आता है, जो केवल रंगों का नहीं, बल्कि भावनात्मक अभिव्यक्ति और सामूहिक आनंद का उत्सव है। सीमित और संतुलित रूप में उत्सव में भाग लेना मस्तिष्क में डोपामिन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोकेमिकल्स के स्राव को बढ़ाता है, जो तनाव को कम करने में सहायक हैं। इसलिए विद्यार्थियों को पूरी तरह अलग-थलग रहने की आवश्यकता नहीं, बल्कि नियंत्रित उत्सव के बाद पुनः एकाग्र अध्ययन दीर्घकालिक सफलता का आधार बनता है। ऐसे में विद्यार्थी निर्धारित अध्ययन करें और समय सारणी का पालन जरूर करें।

डा. सीमा शर्मा, क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ

सील पोर्टल – जनरल / बी.ओ.एस.यू. बिड

विश्वविद्यालय में निम्न कार्य हेतु बंद, अनुपलब्ध एवं संशोधित कार्यों से संबंध पोर्टल पर जनरल/बीओएसयू बिड आमंत्रित की जाती है–

क्र. सं.	बिड संख्या	कार्य का विवरण	अनुमानित राशि (रु. लाख में)
1	GEM/2026/B/7186170	विश्वविद्यालय में PICU Ultra Filtration Membrane System, For Water/Fruit Juice Clarification की आपूर्ति कार्य हेतु ऐनफार College of Post Harvest Technology & Food Processing	2.00 लाख
2	GEM/2026/B/7200000	विश्वविद्यालय में Dehydration System For Food Product Preservation की आपूर्ति कार्य हेतु ऐनफार College of Post Harvest Technology & Food Processing	5.00 लाख
3	GEM/2026/B/7201779	विश्वविद्यालय में Dental work station with Amalgamator Apparatus की आपूर्ति कार्य हेतु ऐनफार Department of Veterinary Surgery & Radiology, COVAS, SVPUAT Meerut	12.50 लाख
4	GEM/2026/B/7202178	विश्वविद्यालय में Electrosurgical Machine की आपूर्ति कार्य हेतु ऐनफार "Department of Gynaecology & Obstetrics, COVAS, SVPUAT, MEERUT"	12.00 लाख
5	GEM/2026/B/7204404	विश्वविद्यालय के Livestock Products Technology विभाग में Meat Products Processing Equipments की आपूर्ति कार्य हेतु ऐनफार College of Veterinary and Animal Sciences SVPUAT Meerut	25.42 लाख
6	GEM/2026/B/7205477	विश्वविद्यालय के Veterinary Surgery and Radiology विभाग के Operation Theatre में उपकरणों की आपूर्ति कार्य हेतु ऐनफार Department of Veterinary Surgery and Radiology COVAS, SVPUAT, Meerut	19.00 लाख

उपरोक्त अधिसूचित पूर्ण कार्यों सील पोर्टल पर जनरल बिड संख्या आमंत्रित किया गया है। प्रथम संख्या 01 से 03 हेतु बिड दिनांक 12.03.2026 को समय: पूर्वाह्न 11.00 बजे, मध्याह्न 12.00 बजे पूर्वा 5.00 बजे तक, क्रम संख्या 04 एवं 05 हेतु बिड दिनांक 13.03.2026 को मध्याह्न 1.00 बजे तक तथा क्रम संख्या 06 हेतु बिड दिनांक 14.03.2026 को मध्याह्न 1.00 बजे तक सील पोर्टल पर जमा/प्राप्त करायेंगे जो कि खोली है, विस्तृत जानकारी बिड आमंत्रण सील पोर्टल पर निर्धारित तिथि को खोली जायेगी। बिड विस्तृत जानकारी के लिए पोर्टल पर देखी जा सकती है।

प्रसार अधिकारी–पुस्तकालय

छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित प्रयोग

बिजनौर की जैन धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में टाइटन छात्र-छात्राएं एवं प्रतिभि• तो. जागरण

जागरण संवाददाता, बिजनौर: साइंस स्पार्क क्लब के तत्वावधान में शनिवार को जैन धर्मशाला में हुए कार्यक्रम में क्लब क्षेत्रों से आए छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित छोटे-छोटे प्रयोग किए। कार्यक्रम में टाप-टेन छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रोफेसर मनीष गुप्ता की अध्यक्षता तथा रश्मि अग्रवाल के संचालन और साइंस स्पार्क क्लब के जिला संयोजक गुलशन गुप्ता के नेतृत्व में प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में प्रोफेसर मनीष गुप्ता ने कहा कि यही बच्चे भविष्य के वैज्ञानिक हैं। जिला विज्ञान क्लब के संयोजक सुधांशु जैन ने इस कार्यक्रम को छात्रों के लिए प्रेरणादायक व ऊर्जा देने वाला बताया। प्रतियोगिता के टाइटन छात्र-छात्राओं में ग्राम नंगल डौंडिया की सौम्या, मुहल्ला भटान की आफिरीन, ग्राम राजपुर सादात की फारिया, ग्राम कनौर की मिस्बाह, ग्राम कनकपुर काला की हुमैरा ग्राम नारायण काला की मनोज ग्राम इब्राहिम साबी का भावनदीप, ग्राम परीतपुर भोगी का यश, ग्राम सिलहेड़ी का शिवु तथा ग्राम इस्लामपुर टांस की लक्ष्मिया शामिल रही। आज सभा को बालिका फार्मेसी राजपुर का प्रयोग आकर्षण का केंद्र रही। साइंस स्पार्क क्लब के क्लब संयोजक हरिमोहन अग्रवाल, आशुल भटनागर, रचना कपूर समेत विभिन्न स्कूलों के शिक्षक मौजूद थे।

धामपुर: इलाही बख्श पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एलोवेरा पौधे के महत्व को उजागर करते हुए महान वैज्ञानिक सीवी रमन को श्रद्धांजलि दी। छात्राओं सुमैया, नुजहत परवीन, सिद्रा जैदी, और साकिया ने एलोवेरा के रासायनिक गुणों पर स्लाइड प्रदर्शन करते हुए जैल निकालने की प्रक्रिया को दर्शाया। कार्यक्रम में कम्प्यूटर ने विज्ञान से संबंधित लेखों पर चर्चा की। प्रबंध निदेशक मुफ्ती इरफान कासमी और प्रधानाचार्य आरिफ के नेतृत्व में कार्यक्रम सफल रहा, जिसमें अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय) अधिनियम, 1956 अथवा नियम के अंतर्गत प्रकाशित 'दैनिक जागरण' हिन्दी नामक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा

प्रपत्र – 4

1. प्रकाशन स्थल : दैनिक जागरण प्रेस, 36/8, नोएडा, दिल्ली रोड, मेरठ-250103
2. प्रकाशन अवधि : प्रतिदिन
3. मुद्रक का नाम : धीरेन्द्र मोहन गुप्ता
   पता : नवोदय जागरण प्रकाशन लि.
   क्या भारत के नागरिक हैं : हां
   पता : 86-8, नोएडामपुर, दिल्ली रोड, मेरठ-250103
4. प्रकाशक का नाम : धीरेन्द्र मोहन गुप्ता
   पता : नवोदय जागरण प्रकाशन लि.
   क्या भारत के नागरिक हैं : हां
   पता : 86-8, नोएडामपुर, दिल्ली रोड, मेरठ-250103
5. सम्पादक – यू.पी. : आशुतोष शुक्ला
   क्या भारत के नागरिक हैं : हां
   पता : 28, सेवा भारती, निशात गंज, लखनऊ-226007
6. उन व्यक्तियों के नाम जो समाचार पत्र के स्वामी हों, तथा जो सम्पन्न पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के शेयरधारक या हिस्सेदार हों। : जागरण प्रकाशन लि. 2, सर्वोदय नगर, कानपुर-208005

मैं धीरेन्द्र मोहन गुप्ता एतद्द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार उपर दिये गये विवरण सत्य हैं।

ह. धीरेन्द्र मोहन गुप्ता
(प्रकाशक के हस्ताक्षर)

दि. 1 मार्च 2026

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक! **punjab national bank** ...the name you can BANK upon!

नीलामी सूचना
विक्रय सूचना

सर्किल कार्यालय का पता- एआरएमबी रामगंगा विहार, निकट सेल्स टैक्स, ऑफिस, मुरादाबाद, Email: cs8281@pnb.co.in

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत (सिक्योरिटी इंटरेस्ट (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित)। ई-नीलामी की तिथि: 23.03.2026। वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत बैंक के प्रभार में दी गई चल एवं अचल सम्पत्तियों का विक्रय अधोहस्ताक्षरकर्ता ने पंजाब नैशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन आधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत निम्नलिखित सम्पत्तियों का अधिपत्य ग्रहण कर लिया है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत बैंक के देय की वसूली के लिए निम्नलिखित मामलों में बैंक के प्रभार में दी गई अधोलिखित सम्पतितयों की जहां भी है और जैसा भी है स्थिति में है– नीलामी की जाएगी।

ई–नीलामी की तिथि: 23.03.2026, समय– सुबह 11.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक

क्र. सं.	शाखा/खाता/ऋणी/गारन्टर का नाम	सम्पत्ति का विवरण	(ए) धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस की तिथि (बी) धारा 13 (2) के तहत बकाया राशि (लाख मे) (ई) कब्जे के प्रकार	(ए) रिर्जव मूल्य (लाख में) (बी) बयाना राशि (ईएमडी) (सी) बोली वृद्धि राशि
1	**शाखा: एआरएमबी (828100), मुरादाबाद** मैसर्स अल-हक फूड्स, श्री अहतशामुल हक पुत्र श्री हाजी तहुआर हक, मिस जावेरिया नूर पुत्री स्वर्गीय श्री अहतशामुल हक, मिस अमरा नूर पुत्री स्वर्गीय श्री अहतशामुल हक, श्री इनाम उल हक पुत्र स्वर्गीय श्री अहतशामुल हक, श्रीमती रुबीना पत्नी श्री अहतशामुल हक, मोहम्मद खालिद पुत्र मोहम्मद शाहिद, श्री नासर आदिल कुरैशी पुत्र श्री जफर आदिल कुरैशी।	**संपत्ति संख्या 01.** बंधक औद्योगिक बिल्डिंग क्षेत्रफल 3480 वर्ग मीटर, स्थित खसरा संख्या 461 मी, ग्राम-मौजा भोजपुर, धरमपुर, एहतमाली, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश (श्री अहतशामुल हक पुत्र श्री हाजी तहुआर हक के नाम से)। बही संख्या 01, जिल्द संख्या 5952, पृष्ठ 1-16, सीरियल संख्या 13422, दिनांक 29.10.2007, कार्यालय उप-पंजीयक, मुरादाबाद (उ.प्र.) पर पंजीकृत है। **संपत्ति संख्या 02.** बंधक औद्योगिक बिल्डिंग क्षेत्रफल 3190 वर्ग मीटर, स्थित खसरा संख्या 461 मी (1/4 भाग) एवं खसरा संख्या 462, ग्राम-मौजा भोजपुर, धरमपुर, एहतमाली परगना, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश (श्री अहतशामुल हक पुत्र श्री हाजी तहुआर हक के नाम से)। बही संख्या 01, जिल्द संख्या 6283, पृष्ठ 231-250, सीरियल संख्या 6982, दिनांक 31.05.2008, कार्यालय उप-पंजीयक, मुरादाबाद (उ.प्र.) पर पंजीकृत है। **संपत्ति संख्या 03.** बंधक प्लॉट माप क्षेत्रफल 910 वर्ग मीटर, स्थित खसरा संख्या 454, ग्राम-मौजा भोजपुर, धरमपुर, मुरादाबाद (उ.प्र.) (श्री अहतशामुल हक पुत्र श्री हाजी तहुआर हक के नाम से)। बही संख्या 1, जिल्द संख्या 11749, पृष्ठ 363-380, सीरियल संख्या 7105, दिनांक 28.04.2015, कार्यालय उप-पंजीयक, मुरादाबाद (उ.प्र.) पर पंजीकृत है। **संपत्ति संख्या 04.** बंधक भूमि माप क्षेत्रफल 2895 वर्ग मीटर, स्थित खसरा संख्या 466 एवं खसरा संख्या 470/1261, ग्राम-भोजपुर, धरमपुर, एहतमाली, परगना एवं तहसील- मुरादाबाद (उ.प्र.) (श्री अहतशामुल हक पुत्र श्री हाजी तहुआर हक के नाम से)। बही संख्या 1, जिल्द संख्या 10303, पृष्ठ 361-390, सीरियल संख्या 20056, दिनांक 07.12.2013, कार्यालय उप-पंजीयक, मुरादाबाद (उ.प्र.) पर पंजीकृत है।	(ए) 06.05.2024 (बी) रू0 4,20,65,116/- + ब्याज और अन्य खर्चे दिनांक 30.04.2024 (सी) सांकेतिक कब्जा	**सम्पत्ति नं0 1 + 2** रू0 2,76,71,000/- रू0 27,67,100/- रू0 5,00,000/- **सम्पत्ति नं0 3** रू0 17,02,000/- रू0 1,70,200/- रू0 1,00,000/- **सम्पत्ति नं0 4** रू0 54,14,000/- रू0 5,41,400/- रू0 2,00,000/-
2	**शाखा: एआरएमबी (828100), मुरादाबाद** श्री सैयद मंजूर अब्बास पुत्र श्री सैयद गुलाम अब्बास **(ऋणी)**, श्री सैयद मोहम्मद अब्बास पुत्र श्री सैयद गुलाम अब्बास **(बंधककर्ता)** श्री सैयद अयाज अब्बास पुत्र श्री सैयद गुलाम अब्बास अब्बास **(बंधककर्ता)** और श्रीमती हुस्न अफरोज पत्नी श्री सैयद गुलाम अब्बास **(बंधककर्ता)।**	**सम्पत्ति नं. 1–** बंधक व्यवसायिक भूमि स्थित प्लॉट नं. 2176 एम, ग्राम नौगांव सदात, अमरोहा उ.प्र. विक्रय विलेख नं. 1270, जिल्द नं. 1434, पेज 172-174, दिनांक 19.04.1979, माप 2/3 शेयर 0.44 डेसीबल और 1/3 शेयर 0.05 डेसीबल (सम्पत्ति स्वामी श्री सैयद मंजूर अब्बास पुत्र स्व. श्री सैयद गुलाम अब्बास)। **सम्पत्ति नं. 2–** बंधक व्यवसायिक भूमि स्थित प्लॉट नं. 2176 ग्राम नौगांव सदात, अमरोहा उ.प्र. विक्रय विलेख नं. 5102, जिल्द नं. 1994/2014, पेज 307/583/588, दिनांक 21.10.1988, माप 0.49 डेसीबल उपरोक्त सम्पत्ति का भाग (सम्पत्ति स्वामी श्री सैयद एयाज अब्बास पुत्र स्व. श्री सैयद गुलाम अब्बास)। **सम्पत्ति नं. 3–** बंधक व्यवसायिक भूमि स्थित प्लॉट नं. 2176/2 ग्राम नौगांव सदात, अमरोहा उ.प्र. विक्रय विलेख नं. 8472, जिल्द नं. 1507, पेज 155-162, दिनांक 22.09.2004, माप 67.00 वर्गमीटर (सम्पत्ति स्वामी श्री सैयद मौहम्मद अब्बास पुत्र स्व. श्री सैयद गुलाम अब्बास)। **सम्पत्ति नं. 4–** बंधक व्यवसायिक भूमि स्थित प्लॉट नं. 2176/2 ग्राम नौगांव सदात, अमरोहा उ.प्र. विक्रय विलेख नं. 6329, जिल्द नं. 1450, पेज 387-394, दिनांक 14.07.2024, माप 67.00 वर्गमीटर (सम्पत्ति स्वामी श्रीमती हुस्न अफरोज पत्नी स्व. श्री सैयद गुलाम अब्बास)। **सम्पत्ति नं. 5–** बंधक आवासीय कम व्यवसायिक सम्पत्ति स्थित प्लॉट नं. 86 और 95, ग्राम नौगांव सदात, अमरोहा उ.प्र. विक्रय विलेख नं. 8797, जिल्द नं. 44, पेज 51-86, दिनांक 21.12.1998, क्षेत्रफल 4757.50 वर्गमीटर। (सम्पत्ति स्वामी श्री सैयद मंजूर अब्बास श्री सैयद मौहम्मद अब्बास श्री सैयद एयाज अब्बास और श्रीमती हुस्न अफरोज पत्नी स्व. श्री सैयद गुलाम अब्बास)।	(ए) 11.07.2024 (बी) रू0 1,67,28,071.17 + ब्याज और अन्य खर्चे दिनांक 11.07.2024 (सी) सांकेतिक कब्जा	**सम्पत्ति नं0 1 + 2 + 3 + 4** रू0 1,53,88,000/- रू0 15,38,800/- रू0 2,00,000/- **सम्पत्ति नं0 5** रू0 2,74,98,000/- रू0 27,49,800/- रू0 3,00,000/-
3	**शाखा: एआरएमबी (828100), मुरादाबाद** मैसर्स चौधरी मोटर्स **(ऋणी फर्म)**, श्री खलील पुत्र श्री शरीफ अहमद **(साझेदार एवं बन्धककर्ता)**, मोहम्मद उस्मान अली पुत्र श्री शरीफ अहमद **(साझेदार एवं बन्धककर्ता)**, श्रीमती श्यामा पत्नी श्री खलील खान **(गारन्टर एवं बन्धककर्ता)**।	बंधक सम्पत्ति आवासीय फ्लैट नं0 बी-69, द्वितीय तल, बिना छत के अधिकार के, तीन मंजिला डीडीए फ्लैट/भवन के बी-ब्लॉक में स्थित, डीडीए कालोनी, न्यू जाफराबाद, दिल्ली 32, क्षेत्रफल 65.00 वर्ग मीटर (सम्पत्ति स्वामिनी श्रीमती श्यामा पत्नी खलील खान), पंजीकृत नं0 2332, बुक नं0 1, वोल्यूम नं0 2402, पेज 86-94, दिनांक 27.05.2017, सीरियल-IV। शाहदरा, नई दिल्ली/दिल्ली। सीमाऐं: उत्तरः अन्य सम्पत्ति, दक्षिणः प्रवेश द्वार, पूर्वः सम्पत्ति नं0 बी-70, पश्चिमः अन्य सम्पत्ति।	(ए) 10.10.2024 (बी) रू0 76,52,252.00 + ब्याज और अन्य खर्चे दिनांक 01.10.2024 (सी) सांकेतिक कब्जा	रू0 33,30,000/- रू0 3,33,000/- रू0 1,00,000/-
4	**शाखा: एआरएमबी (828100), मुरादाबाद** मैसर्स लकी गैस एंजेसी (ऋणी फर्म), श्रीमती अलका देवी पत्नी श्री मनोज कुमार **(पार्टनर)**, श्री पंकज सिंह पुत्र श्री चन्द्र प्रकाश **(पार्टनर)**, श्रीमती बबीता रानी पत्नी श्री पुखराज सिंह **(गारन्टर/बंधककर्ता)**, श्री मनोज कुमार पुत्र पुरन सिंह **(गारन्टर/बंधककर्ता)**, श्री हितेश कुमार पुत्र श्री पुरन सिंह **(गारन्टर)**।	बंधक प्लॉट माप क्षेत्रफल 2980 वर्ग मीटर, स्थित ग्राम- गोपालपुर, चक रोड, नूरपुर रोड से जुड़ा हुआ, परगना बुधपुर, तहसील- चांदपुर, सब-रजिस्ट्रार ऑफिस चांदपुर, दो निर्मित विक्रय विलेख नं0 4735, बही नं0 1, वॉल्यूम नं0 6652, पेज नं0 39-52, दिनांक 27.03.2014 एवं विक्रय विलेख नं0 4736, पेज नं0 53-66, दिनांक 27.03.2014 पर पंजीकृत है। सीमाएँ:- पूर्वः लोकेन्द्र आदि, पश्चिमः सोनू की कृषि भूमि, उत्तरः गंगा राम शर्मा की कृषि भूमि, दक्षिणः चकरोड, नूर रोड से जुड़ा हुआ।	(ए) 06.05.2016 (बी) रू0 54,96,011/- + ब्याज और अन्य खर्चे दिनांक 01.04.2016 (सी) सांकेतिक कब्जा	रू0 15,95,800/- रू0 1,59,579/- रू0 50,000/-
5	**शाखा: एआरएमबी (828100), मुरादाबाद** मैसर्स महमूद राईस मिल, श्री अबरार अहमद पुत्र श्री अब्दुल वहीद **(साझेदार एवं गारन्टर)**, श्री गुलजार अहमद पुत्र श्री अब्दुल वहीद **(साझेदार एवं गारन्टर)**, श्रीमती शबीना जुनैद पत्नी श्री जुनैद अहमद **(साझेदार एवं गारन्टर)**, मोहम्मद अरशद पुत्र श्री नवी हसन **(साझेदार एवं गारन्टर)**, एवं श्रीमती सहाना बेगम पत्नी श्री अखलाक अहमद **(साझेदार एवं गारन्टर)**।	बंधक राईस मिल भूमि एवं भवन स्थित खाता नं0 42, गाटा नं0 6, ग्राम मुंडी, निकट भारत पेट्रोल पम्प, तहसील मिलक, जिला रामपुर (उ0प्र0), क्षेत्रफल 12140.00 वर्ग मीटर, (सम्पत्ति स्वामी मैसर्स महमूद राईस मिल), पंजीकृत बही नं0 1, जिल्द नं0 2057, पेज नं0 59-72, सिरियल नं0 4946, दिनांक 11.11.2010, सब रजिस्ट्रार कार्यालय मिलक, रामपुर। सीमाऐं: उत्तरः गुलजार की भूमि, दक्षिणः चकरोड, पूर्वः फरियाल हुसैन का प्लान्ट, पश्चिमः अखलाक अहमद की भूमि।	(ए) 03.06.2025 (बी) रू0 3,66,17,241.23 + ब्याज और अन्य खर्चे दिनांक 03.06.2025 (सी) सांकेतिक कब्जा	रू0 3,06,00,000/- रू0 30,60,000/- रू0 5,00,000/-
6	**शाखा: एआरएमबी (828100), मुरादाबाद** मैसर्स अब्बासी कन्सट्रक्शनस एण्ड सप्लायर्स **(ऋणी फर्म)**, मोहम्मद यूसुफ अब्बासी पुत्र शकील अहमद **(प्रोपराइटर/बंधककर्ता)**, इरशाद सिद्दिकी पुत्र श्री सगीर अहमद **(गारन्टर)**, मोहम्मद शाहिद पुत्र श्री हबीबुर रहमान